दैनिक न्याय साक्षी

खबरें खास

रायगढ़, रविवार 18 अगस्त 2024 | www.nyaysakshi.com | 4

## महत्वपूर्ण एवं खास

### आकाशीय बिजली की चपेट में आने से तीन महिलाओं की मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** जशपुर में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से तीन महिलाओं की मौत पर सीएम विष्णुदेव साय ने दुख जताया है। उन्होंने घायलों के इलाज के निर्देश दिए हैं। सीएम ने ट्वीट कर कहा, जशपुर जिले में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 3 महिलाओं की मौत और कई महिलाओं के घायल होने की दुखद सूचना प्राप्त हुई है। जिला प्रशासन ने घायलों को त्वरित इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया है. प्रशासन को बेहतर इलाज की व्यवस्था करने और अन्य आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। सीएम ने कहा, मेरी संवेदनाएं मृतकों के परिजनों के साथ है। ईश्वर से दिवंगत महिलाओं की शांति और घायलों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

### 24 डॉक्टरों की पदस्थापना सूची जारी

**रायपुर (आरएनएस)।** लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कलयाण विभाग एवं संचालनालय, स्वास्थ्य सेवाओं के विभिन्न आदेशों द्वारा एमबीबीएस पाठ्यक्रम उत्तीर्ण उपरांत छात्र चिकित्सकों को दो वर्ष की संविदा पर नियुक्त करते हुए पदस्थापना की गई है। राज्य शासन उपरोक्त आदेशों में निम्नलिखित अनुबंधित चिकित्सा अधिकारियों की पदस्थापना में संशोधन करते हुए उनके नाम के सम्मुख दर्शित पदस्थापना स्थल में पदस्थ करता है।

### वित्त विभाग के 46 अधिकारियों का हुआ तबादला

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ शासन वित्त विभाग द्वारा कल देर रात जारी आदेशानुसार 46 अधिकारियों को स्थानांतरित किया गया है। इसी तरह स्वास्थ्य विभाग में भी कई चिकित्सकों व चिकित्सा अधिकारियों को इधर से उधर किया गया है।

### जशपुर में सीएम की पहल पर होगा पुल-पुलियों का निर्माण

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार के बने अभी सिर्फ आठ महीने ही हुए हैं। इतने कम समय में ही राज्य में साय सरकार ने विकास की एक रूपरेखा बना कर उस पर काम करना शुरू कर दिया है। छत्तीसगढ़ में अधोसंरचना के कार्यो में गति आई है। स्कूल व छात्रावास भवनों के निर्माण, सिंचाई व्यवस्था के लिए एनीकट, व्यपवर्तन, जीर्णोद्धार एवं लाईनिंग कार्य, जलाशय, सी.सी.लाईनिंग कार्य, मुख्य एवं शाखा नहर के मरम्मत, पुराने निर्माण कार्यो में सुधार, तालाब निर्माण, सडक़ों का निर्माण, अस्पतालों के निर्माण सहित डॉक्टरों एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारियों की नियुक्ति आदि कार्य प्राथमिकता के साथ किए जा रहे हैं।

### हाइवा की टक्कर से बाइक सवार जवान की मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** ग्राम केन्द्री अभनपुर के पास हाइवा ने बाइक सवार सीआरपीएफ जवान को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में अभनपुर पुलिस ने हाइवा चालक को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक भोजराम साहू 37 वर्ष ग्राम केन्द्री का रहने वाला था। वह सीआरपीएफ जवान था। बताया जाता है कि भोजराम अपनी बाइक से कहीं जा रहा था, तभी ग्राम केन्द्री के पास हाइवा क्रमांक सीजी 04 पीक्यू 2866 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे भोजराम की मौके पर ही मौत हो गई। मामले में अभनपुर पुलिस ने हाइवा चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

# पीएम जनमन योजना के अधोसंरचनात्मक मापदण्डों का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन करें पूरा : प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा

- छोटेमुड़पार एकलव्य के अपग्रेडेशन के लिए 5 करोड़ हुए हैं स्वीकृत, प्रमुख सचिव बोरा ने समय-सीमा में कार्य पूर्णता के दिए निर्देश
- प्रमुख सचिव बोरा ने एकलव्य विद्यालयों व छात्रावासों में छात्रों को उच्च शैक्षणिक गुणवत्ता का माहौल उपलब्ध कराने के दिए निर्देश
- बेहतर रिजल्ट के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाने पर भी दिया जोर
- प्रमुख सचिव बोरा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में रायगढ़ सहित सक्ती व सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की

**रायगढ़**



सोनमणि बोरा, प्रमुख सचिव, आदिम जाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग आज रायगढ़ के कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में रायगढ़ सहित सक्ती और सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली।

प्रमुख सचिव बोरा ने रायगढ़ जिले में पीएम जनमन योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने पीएम जनमन योजनान्तर्गत रायगढ़ जिले में अब तक हुए कार्यों की सराहना की और कहा कि रायगढ़ जिले में योजना का क्रियान्वयन अच्छे से हो रहा है, चिन्हांकित लोगों को योजनाओं से जोड़ा गया है। इसे हमें आगे बढ़ाते हुए प्रयास करना है विशेष पिछड़ी जनजाति बाहुल्य ग्रामों में योजना के जितने भी अधोसंरचनात्मक मापदंड है उसे शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिए जाए। जिसमें सड़क, पेयजल, आवास जैसे कार्य शामिल है। जिससे इस योजना का लक्ष्य जल्द से जल्द पूरा हो।

प्रमुख सचिव बोरा ने कहा कि हमें छात्रावासों में शत-प्रतिशत एडमिशन के लिए प्रयास करना है। इसके लिए छात्रावासों का संचालन बेहतर करना और सुविधाएं सुनिश्चित की जाए। उन्होंने एकलव्य विद्यालय संचालन की समीक्षा करते हुए कहा कि अभी नए शैक्षणिक स्टॉफ की नियुक्ति की गई है। स्कूलों में छात्रों को उच्च गुणवत्ता का शैक्षणिक माहौल मिलना चाहिए। नियमित रूप से सभी कक्षाएं संचालित हो। बच्चों को रिजल्ट बेहतर करने के लिए प्रोत्साहित करें, इसके लिए सबको सामूहिक रूप से प्रयास करने होंगे। बच्चों को न केवल स्कूली परीक्षाओं में अच्छे रिजल्ट के लिए तैयार किया जाए बल्कि उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी अवश्य करवायें। इसके लिए स्कूल में लाईब्रेरी के साथ ऑनलाईन कोर्स के माध्यम से भी तैयारी करवायी जाए। उन्होंने कहा कि हम विभागीय स्तर से कैरियर काउंसलर्स उपलब्ध कराने की दिशा में काम कर रहे है। प्रमुख सचिव बोरा ने इसके साथ ही छात्रावासों में साफ-सफाई रखने के लिए विशेष रूप से निर्देशित किया। उन्होंने हॉस्टल में बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ें। जिससे उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो। इसके साथ ही उन्होंने विद्यालय व छात्रावास के पूर्व छात्रों से भी संपर्क बनाये रखने व उनके अनुभवों का लाभ वर्तमान में पढ़ रहे छात्रों को अवश्य दिलवाने की बात कही। जिससे बच्चों को अपने कैरियर को लेकर अपने सीनियर से भी मार्गदर्शन मिल सके।

बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, प्रभारी सहायक आयुक्त रायगढ़ महेश शर्मा सहित सक्ती व सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के सहायक आयुक्त व विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

**छोटे मुड़पार एकलव्य के अपग्रेडेशन के लिए 5 करोड़ हुए हैं स्वीकृत, समय-सीमा में कार्य पूर्णता के दिए निर्देश-** जिले के छोटेमुड़पार में संचालित एकलव्य विद्यालय के अपग्रेडेशन हेतु शासन द्वारा 5 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की हैं तथा उक्त कार्य हेतु सहायक आयुक्त आदिवासी विकास रायगढ़ को कार्य एजेंसी नियुक्त किया गया हैं। प्रमुख सचिव बोरा ने इस कार्य को पूर्ण गुणवत्ता और समयावधि में संपन्न करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए।

**निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समय-सीमा इन दो पैरामीटर्स का रखें पूरा ख्याल-** प्रमुख सचिव बोरा ने रायगढ़ के साथ सक्ती और सारंगढ़-बिलाईगढ़ में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की और निर्माण एजेंसी के इंजीनियर्स से जानकारी ली। उन्होंने कहा निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समय-सीमा इन दो पैरामीटर्स का पूरा ख्याल रखें। तैयार हो रहे भवन छात्रों के लिए है, इस लिहाज से उनकी सुविधा सर्वोपरि होनी चाहिए। उन्होंने निर्माण कार्यों के लिए अच्छी जगह पर स्थित जमीन का चयन करने पर जोर दिया।

**अधिकारियों के नंबर के साथ हॉस्टल में अंकित करें इमरजेंसी नंबर्स** - प्रमुख सचिव बोरा ने सभी छात्रावासों में विभाग के प्रमुख अधिकारियों के साथ ही जिले व उस विकासखण्ड के प्रमुख अधिकारियों के नाम व नंबर अनिवार्य रूप से अंकित किए जाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही वहां आपातकालीन व चिकित्सा सहायता जैसी स्थिति के लिए भी कांटेक्ट नंबर्स अंकित करने के निर्देश दिए।

# भारतीय स्टेट बैंक सारंगढ़ में आयोजित की गई विभाजन विभीषिका की प्रदर्शनी

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**




14 अगस्त 1947 के विभाजन की याद में "विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस" कार्यक्रम भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा सारंगढ के मुख्य प्रबंधक लाल बाबू प्रसाद गुप्ता, अग्रणी (लीड) बैंक जिला सारंगढ बिलाईगढ़ एसबीआई के प्रबंधक के सुरेश दमके के नेतृत्व में भारतीय स्टेट बैंक कृषि विकास शाखा सारंगढ के प्रथम तल में 13 - 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस तक तीन दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उदघाटन शहर के प्रतिष्ठित एवं वरिष्ठ नागरिक नंदकिशोर अग्रवाल के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिक महेंद्र अग्रवाल, वरिष्ठ नागरिक एव पेंशनर जगत सिंह ठाकुर एवं बैंक के सम्मानित और प्रतिष्ठित 25-30 ग्राहक, माताएं एवम् भाइयों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा के प्रबंधक लालबाबू प्रसाद गुप्ता जी ने प्रकाश डाला एवम् उपस्थित सभी ग्राहकों को विभाजन विभीषिका के बारे में जानकारी दी कि विभाजन का होना इतना कष्टप्रद होता है एवं इसका प्रदर्शनी में बहुत ही अच्छे ढंग से बताया गया है कि किस तरह व्यक्ति और उनके परिवार को विभाजन के बाद कितने कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। साथ ही नशा मुक्ति हेतु ग्राहकों को शपथ दिलाया की वे नशा मुक्ति कार्यक्रम में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे। इस कार्यक्रम को अग्रणी बैंक प्रबंधक सुरेश दमके और आर.बी.ओ.से आए हुए अधिकारी शर्मा ने संबोधित किया।

# छत्तीसगढ़ में दो नई रेल लाइन परियोजनाओं के अंतिम सर्वे और डीपीआर निर्माण की मिली स्वीकृति

- मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार प्रकट किया

**रायपुर । आरएनएस**



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ में दो नई रेल लाइन परियोजनाओं के अंतिम सर्वे और डीपीआर निर्माण की स्वीकृति मिलने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार प्रकट किया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि इससे छत्तीसगढ़ का रेल इंफ्रास्ट्रक्चर और अधिक मजबूत होगा।

गौरतलब है कि रेल मंत्रालय द्वारा छत्तीसगढ़ में दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे के अंतर्गत 16 करोड़ 75 लाख रूपये लागत की कुल 670 किलोमीटर लंबी 2 नई रेल लाइन परियोजनाओं के अंतिम सर्वे और डीपीआर निर्माण की स्वीकृति दी गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि इन दो रेल लाइन परियोजनाओं में से गढ़चिरौली से बीजापुर होते हुए बचेली तक 490 किलोमीटर की नई रेल लाइन के सर्वे को मिली स्वीकृति बस्तर के सर्वसमावेशी विकास की गति को कई गुना बढ़ाने वाली है। इसके सर्वे के लिए रेल मंत्रालय ने 12 करोड़ 25 लाख रूपये स्वीकृत किये हैं। इससे बस्तर के सुदूर अंचल के लोग उच्च शिक्षा, रोजगार, बेहतर स्वास्थ्य और अपने उत्पादों की बिक्री के लिए रेलमार्ग से सीधे शहर से जुड़ेंगे। समूचा बस्तर क्षेत्र विकास के उच्च आयामों को छुएगा।

वहीं कोरबा से अंबिकापुर तक 180 किलोमीटर की नई रेल लाइन के सर्वे को मिली स्वीकृति कोरबा और सरगुजा के सर्वसमावेशी विकास की गति को कई गुना बढ़ाने वाली है। इसके सर्वे के लिए रेल मंत्रालय ने 4 करोड़ 50 लाख रूपये स्वीकृत किये हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रदेश में रेल सुविधा के क्षेत्र में इन दोनों सर्वे को मिली स्वीकृति क्रांतिकारी परिवर्तन लाएगी, जिससे बस्तर और सरगुजा संभाग में रेल्वे सहित सभी क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। साथ ही इनसे हजारों-लाखों लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

# दो साल से फरार लूट के आरोपी को धरमजयगढ़ पुलिस ने झारखंड में दबिश देकर किया गिरफ्तार

**रायगढ़**



धरमजयगढ़ पुलिस ने दो साल से फरार चल रहे आरोपी गुलशन लोहार जिसने 27 जुलाई 2022 को अपने साथियों के साथ संगीन लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया था, को सिमडेगा, झारखंड में उसके घर पर दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया गया है। एसडीओपी धरमजयगढ़ सिद्धांत तिवारी व थाना प्रभारी धरमजयगढ़ निरीक्षक कमला पुसाम ठाकुर द्वारा प्रेस से फरार आरोपी की गिरफ्तारी की जानकारी साझा किया गया।

**लूटपाट घटना का विवरण-** दिनांक 27 जुलाई 2022 को ट्रक चालक सोनू अंसारी और उनके साथी जुबेर अंसारी उत्तर प्रदेश की ओर जा रहे थे। उनका ट्रक (क्र. सीजी 15 डीएफ 7799) जब रैरूमाखुर्द के यादव ढाबा के पास पहुंचा, तो आरोपियों ने अपनी कार (क्र. जेएच 01 एनई 1706) को ट्रक के सामने लाकर रोका। इसके बाद उन्होंने ट्रक चालक जुबेर अंसारी और खलासी अमर कुमार पासवान को धमकाकर ट्रक से उतारा और उन पर हमला किया। इस घटना के बाद, आरोपी ट्रक में लोड 30 टन लोहे की सरिया, जिसकी कुल कीमत रु.18,53,683 थी, लूटकर फरार हो गए।

**धरमजयगढ़ पुलिस की तत्काल कार्रवाई-** घटना की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद, थाना धरमजयगढ़ में अपराध क्रमांक 135/2022, धारा 365, 394, 395, 34 भा.द.वि. तथा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। तत्कालीन पुलिस अधीक्षक महोदय के मार्गदर्शन में नाकेबंदी की गई, और मुखबिरों से प्राप्त सूचना के आधार पर एक मुख्य आरोपी लोकेश यादव को उसी दिन गिरफ्तार कर लिया गया। उसके कब्जे से लूटा गया ट्रक, मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त हथियार भी जप्त किए गए। इसके बाद, अन्य आरोपियों की पहचान की गई और पुरूषोत्तम यादव को भी गिरफ्तार किया गया। आरोपी गुलशन लोहार और अन्य आरोपी—सूर्या सोनी, संजय भगत, दीपू यादव उर्फ करिया और बिहारी नामक व्यक्ति दो साल से फरार थे। इन आरोपियों के खिलाफ धारा 173(8) CrPC के तहत अभियोग पत्र जे.एम.एफ.सी. न्यायालय धरमजयगढ़ में पेश किया गया था।

**वर्तमान गिरफ्तारी-** पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन और एसडीओपी धरमजयगढ़ सिद्धांत तिवारी के मार्गदर्शन में, थाना प्रभारी धरमजयगढ़ निरीक्षक कमला पुसाम ठाकुर ने गंभीर मामलों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। इस सतर्कता के चलते, धरमजयगढ़ पुलिस ने सिमडेगा, झारखंड में दबिश देकर आरोपी- गुलशन कुमार विश्वकर्मा उर्फ गुलशन लोहार पिता मोहनराम विश्वकर्मा उम्र 24 वर्ष सा0 दर्रीडीह महुआटोली थाना कुरडेग जिला सिमडेगा झारखंड को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है जिसे आज न्यायिक रिमांड पर पेश किया जावेगा तथा गिरफ्तार आरोपी गुलशन लोहार के खिलाफ शीघ्र ही पूरक चालान प्रस्तुत किया जाएगा, जबकि अन्य फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस द्वारा अभियान जारी रहेगा। धरमजयगढ़ पुलिस टीम की यह उपलब्धि कानून-व्यवस्था को बनाए रखने के उनके दृढ़ संकल्प को प्रदर्शित करती है।

# कोयला घोटाला एक और गिरफ्तारी: छत्तीसगढ़ सहित 4 राज्यों में छापा पर एसीबी ने जारी किया बयान

**रायपुर । आरएनएस**




कोयला घोटाला की जांच कर रही एसीबी ने शुक्रवार को छत्तीसगढ़ सहित 4 राज्?यों में 24 स्थानों पर छापामार कार्रवाई की। छापे सौम्या चौरसिया, तत्कालीन उप सचिव, मुख्यमंत्री कार्यालय, समीर बिश्नोई, तत्का0 निदेशक, संचालनालय, भौमिकी एवं खनिकर्म और रानू साहू तत्कालीन कलेक्टर, कोरबा से जुड़े लोगों के ठिकानों पर मारे गए।

एसीबी की तरफ से जारी बयान के अनुसार छापे राजस्थान व रायगढ़ में 02-02 स्थानों पर, बैंगलौर, जमशेदपुर (झारखंड), कोरबा, गरियाबंद में 1-1 स्थान पर, महासमुंद में 03 स्थान पर, दुर्ग में 08 स्थानों पर और रायपुर में 05 स्थानों पर, इस प्रकार कुल 24 स्थानों पर कार्यवाही की गई है। उक्त सभी मामले अनुपातहीन संपत्ति अर्जित करने (धारा 13 (1) (बी), 13 (2) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम) से संबंधित हैं। अब तक की कार्यवाही में अचल संपत्तियों से संबंधित दस्तावेज बरामद हुए हैं जिनसे भारी मात्रा में बेनामी संपत्तियों का पता चला है। वाहनों से संबंधित बहुत से दस्तावेज और अनेक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जैसे लेपटॉप, मोबाइल एवं पेन ड्राइव भी बरामद हुए हैं जिनमें संपत्तियों की जानकारी दर्ज है। दस्तावेजों एवं इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की जांच की जा रही है।

अवैध कोल लेवी प्रकरण में आरोपी मनीष उपाध्याय गिरफ्तार अवैध कोल लेवी में एसीबी ने आरोपी मनीष उपाध्याय पिता गेंदालाल उपाध्याय, भिलाई को गिरफ्तार किया है। उपाध्?याय को विशेष न्यायालय, रायपुर पेश किया गया। कोर्ट ने 23 अगस्?त तक उक्त आरोपी को पुलिस रिमाण्ड पर ब्यूरो को सौंपा गया है। यह आरोपी काफी लम्बे समय से फरार था। इससे पूछताछ पर नये तथ्यों का खुलासा होने की पूर्ण सम्भावना है।

# छुहीपाली और सुलोनी के बीच हुआ फुटबॉल सद्भावना मैच : सुलोनी की टीम ने जीता फुटबॉल मैच

- सद्भावनापूर्वक अनुशासित होकर हमेशा खेल खेलना चाहिए : कलेक्टर धर्मेश साहू

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**



कलेक्टर धर्मेश साहू, एसपी पुष्कर शर्मा और परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान मुख्य अतिथि के रूप में स्वतंत्रता दिवस की संध्या में पंडित लोचन प्रसाद पांडेय कालेज सारंगढ़ के मैदान में आयोजित फुटबॉल मैच में शामिल हुए। मैच का शुभारंभ कलेक्टर साहू और एसपी पुष्कर शर्मा ने फुटबॉल को किक मारकर किया। सारंगढ़ ब्लॉक के गांव छुहीपाली और सुलोनी के मध्य यह फुटबॉल मैच आयोजित किया गया, जिसमें सुलोनी की टीम ने जीत दर्ज की।

इस अवसर पर पत्रकार गोल्डी नायक, गोविंद बरेठ, फकीरा यादव, पशु चिकित्सक डॉ बी आर तिवारी, प्रभारी अधिकारी कौशल ठेठवार सहित फुटबॉल के सीनियर और जूनियर कोच खिलाड़ी उपस्थित थे। कलेक्टर ने कहा कि सद्भावनापूर्वक अनुशासित होकर हमेशा खेल खेलना चाहिए। खिलाड़ी खेल के लिए नए स्थान और लोगों से मिलते हैं तो बाहरी दुनिया के बारे में और जीवन के जरूरी आवश्यकता का ज्ञान होता है। उन्होंने जिले के खिलाड़ी को चयन करने के लिए अवसर प्रदान करने के लिए कार्यक्रम आयोजित करने खेल अधिकारी को निर्देश दिए।

# रायगढ़ में प्रयास विद्यालय संचालन की तैयारी रखें पूरी-प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा

- प्रयास विद्यालय के नए कैम्पस के लिए एजुकेशन सिटी के तर्ज पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त ले-आउट तैयार करने किया निर्देशित
- प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने प्रयास आवासीय विद्यालय परिसर का निरीक्षण कर दिए जरूरी दिशा-निर्देश

**रायगढ़**



रायगढ़ में प्रयास आवासीय विद्यालय शुरू होने जा रहा है। अपने रायगढ़ प्रवास के दौरान सोनमणि बोरा, प्रमुख सचिव, आदिम जाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग ने लाईवलीहुड कॉलेज में शुरू होने जा रहे प्रयास आवासीय विद्यालय का निरीक्षण कर शाला संचालन की तैयारियों के बारे में जानकारी ली। प्रभारी सहायक आयुक्त महेश शर्मा ने बताया कि रायगढ़ के लाइवलीहुड कॉलेज में स्कूल शुरू करने की तैयारी की गई है। यहां क्लासेज और हॉस्टल शुरू करने की व्यवस्था की गई है। शिक्षकों और हॉस्टल वार्डन की नियुक्ति की जा चुकी है। बच्चों के रहने के लिए पलंग, गद्दे इत्यादि की व्यवस्था कर ली गई है। हॉस्टल कैम्पस को अंतिम रूप दिया जा रहा है। यहां खिड़कियों में मच्छर जाली लगाने के साथ रंगाई-पोताई का काम किया गया है। साथ ही भवन में मेस संचालन सहित अन्य व्यवस्थाओं की तैयारी भी की गई है।

प्रमुख सचिव बोरा ने कहा कि प्रयास विद्यालय में बच्चों को सभी जरूरी सुविधाएं मिलनी चाहिए। यह पहला बैच है, अत: इनका विशेष रूप से ख्याल रखा जाए। अच्छे शैक्षणिक माहौल के साथ सुरक्षा व्यवस्था पर भी पूरा ध्यान दिया जाए। प्रयास विद्यालयों में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी अहम हिस्सा है। इसके लिए टीचिंग स्टॉफ की भी पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने परिसर में छात्रों के लिए खेल-कूद की गतिविधियां भी विकसित करने की बात कही। साथ ही खाली पड़े स्थानों पर वृक्षारोपण व गार्डनिंग कर वहां बेंच लगाने के निर्देश दिए, जिससे छात्रों को एक अच्छा माहौल मिले। इसके साथ ही प्रयास आवासीय विद्यालय के लिए स्थल चयन कर आधुनिक सुविधाओं से युक्त कैम्पस निर्माण की दिशा में काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रयास विद्यालय का परिसर एजुकेशन सिटी की तर्ज पर हो। स्मार्ट क्लास रूम, लाईब्रेरी, लेबोरेट्री, खेल गतिविधियों जैसी तमाम सुविधाएं विकसित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने परिसर में आम का पौधा भी लगाया।

इस दौरान सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, प्रभारी सहायक आयुक्त रायगढ़ महेश शर्मा सहित लोक निर्माण व रोजगार विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480